# अंबेडकरवादियों ने रैली निकाल कर मनाया संविधान दिवस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा संविधान की हीरक जयंती शानदार तरीके से मनाई। धम्म पताका एवं नीले ध्वज से सुसज्जित आम्बेडकरी अनुयायियों की रैली मेडिकल कॉलेज से प्रारंभ होकर सुबह 10:30 बजे डॉ. आम्बेडकर तिराहे पर पहुंची।

वहाँ भन्ते जे.आनंद, समारोह के मुख्य अतिथि शीलेन्द्र सिंह कलेक्टर, नगर निगम छिड़वाडा के महापौर विक्रम आहाके, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष समाज सेवक रमेश लोखंडे, साहित्यकार एस.आर. शेंडे सहित ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय सचिव एड. देवेंद्र वर्मा, जे.एस.यू. संगठन के मिथुन धुर्वे, जयभीम सामाजिक संगठन के जिला प्रमुख शिवम पहाडे, भारतीय बौद्ध महासभा के जिला उपाध्यक्ष एड. राजेश सांगोड़े, हेमकरण तिरगाम, कमलेश डेहरिया, नीलेश मांडेकर, वसंता सोमकुवर, सुदेश ठवरे, रामकुमार ककोडीया, रूपेश कड़पे, मोहित मानकर, ममता सहारे आदि उपस्थित थी।

इस अवसर पर बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

## पीजी कॉलेज में संविधान दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा के संरक्षण में प्रभारी प्राचार्य हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीचंद के नेतृत्व में संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का प्रातः 11 बजे महाविद्यालय के इनर ग्राउंड में सामूहिक वाचन किया गया।

विदित होवे कि भारतीय संविधान जिसे 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था संविधान अपनाने के दिन को हर वर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में संविधान को अपनाने के 75 वी वर्षगांठ के इस महत्वपूर्ण अवसर पर महाविद्यालय के सेमिनार हाल में शासन की थीम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया

## ग्राम पंचायत मुनगा में भूमि पूजन कार्यक्रम



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के परासिया जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मुनगा में 4 लाख की लागत से निर्मित होंने वाली नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कमलेश उइके] कीर्ति राकेश यादव, सरपंच विनोद मर्सकोले, संदीप सुर्यवंशी, आनंद साहू शिक्षक, अमित बट्टी, विनीता सूर्यवंशी, बीना भार्गव, रंजन मंडरा पटवारी, सावित्री परतेती, सुमित्रा खान, एन. एम,, नीलेश ठवरे कोटवार सहित ग्राम पंचायत के ग्राम वासी उपस्थित थे।

बता दें कि ग्राम पंचायत मुनगा में नाली की समस्या थी जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। फलस्वरूप ग्राम पंचायत में सर्वसम्मति से ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर नाली निर्माण की स्वीकृति देते हुए भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ कर दिया।

## जिले के संविधान सभा सदस्य कामथ के बारे में बताया

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय संविधान दिवस का आयोजन दलीप कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक मगाखी डेका, सुषमा तिवारी, आरएमएस ठाकुर, एलएल श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया।

संस्था के वरिष्ठ डॉ. अशोक कुमार उदेनिया द्वारा संविधान की विषय-वस्तु से अवगत कराते हुए नरसिंहपुर जिले से संविधान सभा में चुने गये सदस्य हरिविष्णु कामथ के विषय में बताया गया। मंच संचालन बीएन पाण्डेय व आभार प्रदर्शन प्राचार्य जीएस पटैल ने किया।

संविधान दिवस पर विद्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में 40 छात्र-छात्राओं एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में 17 छात्र-छात्र-छात्राओं ने सहभागिता प्रदान की। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम सौम्या विश्वकर्मा, द्वितीय हिमानी रैकवारएवं तृतीय वंदना साहू एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी कौरव, द्वितीय स्थान वंश रजक , तृतीय स्थान रोशनी कौरव ने प्राप्त किया।

### सार समाचार

## न्यायालय परिसर में मनाया गया संविधान दिवस और प्रस्तावना का किया वाचन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर आज 26 नवंबर 2024 को जिला न्यायालय परिसर छिंदवाड़ा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा सुशांत हुद्दार की मुख्य उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश छिंदवाड़ा मोहित दीवान, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय छिंदवाड़ा सुशील कुमार, जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा प्रेमपालसिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीशगण तृप्ति पाण्डेय, संकर्षण प्रसाद पाण्डेय, अभिषेक नागराज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिंदवाड़ा शिवमोहर सिंह, मेहताब सिंह बघेल, राहुल जैन, ज्योति बरकड़े, गोपाल जाटव, संयोगिता खत्री, अक्षिता शुक्ला, अवनि व्यास, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीति राठौर एवं जिला अधिवक्ता संघ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा, वित्त सचिव जय राय, सचिव पुस्तकालय सूर्यकांत वर्मा, न्यायालयीन एवं विभागीय अधिकारीगण व कर्मचारीगण तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल छिंदवाड़ा का सभी स्टॉफ उपस्थित था।

## दिव्यांगजनों के रेलवे कन्सेशन स्मार्ट कार्ड बनाने के लिये शिविर का आयोजन 30 नवंबर को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण-पश्चिम मध्य रेल्वे नागपुर एवं स्वास्थ्य विभाग जिला छिन्दवाडा द्वारा दिव्यांगजनों के रेल्वे कन्सेशन स्मार्ट कार्ड बनवाने के लिये 30 नवंबर 2024 को समय प्रातः 10:00 से शाम 05:00 बजे तक छिन्दवाडा रेल्वे स्टेशन परिसर में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इस संबंध में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा नगर पालिक निगम आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र छिंदवाड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व सभी मुख्य नगर पालिका/परिषद अधिकारी छिंदवाड़ा/पांढुर्णा को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

उन्होंने निकाय के अतंर्गत निवासरत दिव्यांगजनों को आयोजित शिविर में वांछित दस्तावेजों दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी, समग्र आई.डी., आधार कार्ड, 2 फोटो (दिव्यांगता दर्शाती हुई), पूर्व में जारी रेल्वे कन्सेशन स्मार्ट कार्ड इत्यादि के साथ इस शिविर में निकाय स्तर से दिव्यांगजनों को लाने व वापिस ले जाने की व्यवस्था कर अधिक से अधिक संख्या में दिव्यांगजनों को उपस्थित कराये जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 343 मरीजों का उपचार छह गंभीर मरीजों को किया गया रेफर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सौ दिवसीय सेवा संकल्प और नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में सोमवार को शिवपुरी मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम मारई में 67 वें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 343 मरीजों का उपचार करने के साथ ही जांच में पाये गये छः गंभीर मरीजों को उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में रेफर किया गया।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा तथा जिले के विभिन्न समाज सेवी और सामाजिक संगठनों ने सहयोग प्रदान किया। शिविर में जहां मरीजों का उपचार हुआ वहीं 11 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये वहीं 25 मरीजों की आभा आई डी भी बनाई गई। शिविर में सिविल अस्पताल परासिया के चिकित्सों की टीम के साथ ही नर्सिंग स्टॉफ ने भी अपनी सेवांए दी। यह शिविर सांसद विवेक बंटी साहू के सहयोग से जारी है।

## प्रयागराज में कुंभ के दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए थैला, थैलियों का किया गया संग्रहण

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** प्रयागराज महाकुंभ को पर्यावरण पूरक हरित कुंभ बनाने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा परासिया जिले के अमरवाड़ा नगर में थैला थाली संग्रह किया गया जो निरंतर 30 नवंबर 2024 तक चलाया जाएगा। इसके बाद दिसंबर माह में संग्रहित थैला थाली प्रयागराज भेजने की योजना है। जिसमें नगर के प्रतिष्ठित व्यसायियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी से आग्रह भी किया गया है कि इन 5-6 दिनों में आपके घर भी स्वयंसेवक आएंगे इस पुनीत कार्य को सफल बनाने हेतु एक थैला थाली स्वयंसेवकों को भेंट करें जो प्रयागराज में आपके द्वारा दिया गया छोटा सा सहयोग तीर्थराज प्रयाग एवं गंगा मैया त्रिवेणी को प्रदूषित होने से बचाएगा।



## सांसद ने विकास के लिए मांगे 138.64 करोड़

### केन्द्रीय राज्यमंत्री से की मुलाकात

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली प्रवास के दौरान आवास एवं शहरी विकास मामले के केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर छिंदवाड़ा नगर निगम क्षेत्र से जुड़े 24 ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 138.64 करोड़ रूपये की मांग करते हुए पत्र सौंपा।



उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल के प्रमुख अभियंता के समक्ष छिंदवाड़ा नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 24 ग्रामों के विकास एवं नगर की सुचारू व्यवस्था एवं सुंदरता के लिए सड़क, स्ट्रीट लाईट, कलवर्ट आदि कार्यों को करवाने के लिए 138.46 करोड़ रूपये स्वीकृत करने की मांग की गई थी। सोमवार को दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने आवास एवं शहरी विकास मामले के केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर उन्हें बताया कि उक्त प्रस्ताव एवं स्वीकृति का कार्य भारत सरकार में आपके विभाग से संबधित है जिसे शीघ्र स्वीकृत करने का कष्ट करें।

उन्होंने राज्यमंत्री तोखन साहू को बताया की छिंदवाड़ा नगर की बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ ही नगर निगम की स्थापना के समय सम्मिलित किये गये 24 गांवों के विकास एवं नगर की सुचारू व्यवस्था एवं सुंदरता को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त निर्माण कार्यों की अति आवश्यकता है। उन्होंने बताया की जब से नगर निगम में इन 24 गांवों को सम्मिलित किया गया है जब से लेकर अभी तक फंड के अभाव में उक्त गांवों का समुचित विकास नहीं हो पाया है। राज्यमंत्री तोखन साहू ने सांसद बंटी विवेक साहू को आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही उक्त निर्माण कार्यों को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही राशि स्वीकृत करने का प्रयास करेंगे।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा मंगलवार को शक्ति धाम पलोटन गंज मे धरना देकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के नाम एवं स्थानीय समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस थाना गाडरवारा को ज्ञापन सौंपा। उक्तावसर पर मप्र किसान सभा और संयुक्त किसान मोर्चे के दो अलग अलग ज्ञापन सौपे गए। जिनमे स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर की अनेक मांगो का उल्लेख है।

इस अवसर पर जगदीश पटेल, शेर सिंह राजपूत, देवेंद्र वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, सुमेंर सिंह राजपूत, नरेंद्र वर्मा, लाल साहब वर्मा, लीलाधर वर्मा, प्रमोद शाह, वटी गॉड, राजाराम गौड़, गोपाल मेहरा, मोहनलाल बट्टी, यदुराज वर्मा, संतोष ठाकुर, रामनारायण।पटेल, सहित अनेक कृषकगण उपस्थित रहे।

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** एमआईएमटी लॉ कॉलेज में संविधान दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। संविधान दिवस का ऐतिहासिक परिदृश्य एवं उपयोगिता विषय पर सहा. प्राध्यापक द्वय आनन्द गुप्ता एवं प्रदीप पुरोहित एडव्होकेट द्वारा व्याख्यान दिया।

## पालाचौरई में 42 लाभार्थियों को पात्रता पर्ची वितरित



**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों के उत्थान व जनकल्याण के लिए तरह.तरह की योजनाएं संचालित कर रही है साथ ही लाडली बहना योजना के माध्यम से प्रतिमाह खाते में राशि देने के अलावा गरीब परिवारों को नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है।

इसी क्रम में विकासखंड जुन्नारदेव की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पालचौरई प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 44 लाभार्थियों को नि:शुल्क खाद्यान्न पात्रता पर्ची का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व विधायक नाथन शाह कवरेती के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता शिवकुमार राय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गौरव सिंह, एवं सरपंच मुकेश उईके के हंस्ते खाद्यान्न पात्रता पर्ची का वितरण किया गया।

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चंदनगांव में बताया रुचि के अनुसार कैसे चुने कैरियर



### छात्र, छात्राओं ने कैरियर का लिया मार्गदर्शन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शास.उ.मा.वि. चंदनगांव में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के लिये कैरियर काउसलिंग का आयोजन विद्यालय की प्राचार्य शैली यादव के मागदर्शन में किया गया, कार्यक्रम का संचालन कैरियर काउंसलर सुरेन्द्र कुमार बन्देवार द्वारा किया गया।

आये हुये अतिथि विदान एवं प्राचार्य व स्टाफ द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य शैली यादव, संजय पवार, व्ही.एस. डबली, प्रभाकर डहाके के द्वारा आये हुये अतिथि विद्वान हरिप्रसाद धारकर प्राचार्य पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 01 छिन्दवाड़ा एवं अनिल कुमार का स्वागत जयदीप बैस द्वारा स्वागत किया गया।

प्राचार्य शैली यादव का स्वागत सुवर्णा चौरसिया, संजय पवार का स्वागत प्रभाकर डहाके द्वारा किया गया एवं व्ही. एस. डबली का स्वागत बलराम विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

छात्रा कु0 अकांक्षा विश्वकर्मा एवं कु0 किर्ती सातनकर, कु0 गीतिका विश्वकर्मा द्वारा मां सरस्वती का मधुर गायन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात् विद्यालय की प्राचार्य शैली यादव ने आये हुये अतिथि विद्वान प्राचार्य हरिप्रसाद धारकर के व्यक्तित्व के विषय में विस्तार से बताया एवं उनके विद्यालय में आने के लिये धन्यवाद प्रेषित किया।

## राहीवाड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना में घपला

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की अमरवाड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम राहिवाड़ा पोस्ट धाधरा चौकी सिंगोड़ी क्षेत्र के एक युवक अप्पू पिता लक्ष्मीचंद बंदेवार ने सी एम हेल्पलाइन और कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, एस.पी. अजय पांडे से जनसुनवाई में खड़े होकर आवेदन देते हुए बताया कि उसके स्वर्गीय पिता लक्ष्मीचंद बंदेवार का देहांत विगत 10 अक्टूबर 2024 को हो गया था किंतु उनकी मृत्यु के बाद पता चला की उसके पिता के नाम पर प्रधानमंत्री आवास को लेकर फर्जीवाड़ा हुआ है क्योकि अप्पू बंदेवार के स्व. पिता अनपढ़ थे और उसके पिता से ग्राम के



सरपंच सविता मर्सकोले एवं ग्राम के सचिव सतीश उसरेठे ने घर के कागजात बुलवाकर किसी अज्ञात योजना की जनाकारी दी थी किन्तु उनकी मृत्यु के बाद अब जाकर पता चला है कि उसके स्व. पिता के नाम पर दर्ज कच्चा मकान की फोटो और कागजात लेकर फर्जी तरीके से राशि निकाली गई है जबकि उनका कच्चा मकान जस की तस अभी भी कच्चा ही पड़ा हुआ है और उन्हें जानकारी लगी है कि उसके स्व. पिता लक्ष्मीचंद पिता सूखा बंदेवार के नाम से मिलते जुलते ग्राम के ही एक अन्य व्यक्ति लक्ष्मीचंद पिता गोकल बंदेवार उक्त राशि मिली है यह जानकारी मेरे पिता को ग्राम के सरपंच, सचिव ने दी थी जबकि 2 किस्त की राशि उस मकान की मेरे पिता के खाते में आई थी जिसमे 45 हजार और 15 हज़ार रुपये प्राप्त हुए थे किन्तु ग्राम के सरपंच और सचिव ने पिताजी के जीवित रहते बताया था कि उक्त राशि पंचायत की त्रुटि से त्रुटिवश आपके खाते में आ गई है बोलकर के दोनों किस्तों की राशि 45 हज़ार और 15 हज़ार रुपये कुल 60 हज़ार रुपये वापस मेरे स्व. पिताजी लक्ष्मीचंद पिता सूखा बंदेवार के खाते से निकलवाकर लक्ष्मीचन्द पिता गोकल बंदेवार के खाते डलवा दी गई थी किन्तु शासन के पोर्टल में उसके पिता स्व. लक्ष्मीचन्द पिता सूखा बंदेवार का नाम और कच्चे मकान की फोटो एवं स्व. पिता के नाम के कागजात दर्शाए जा रहे है प्रार्थी युवक ने उक्त विषय अंतर्गत गुहार लगाते हुए आरोपियों पर उचित कार्यवाही कर एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग करते हुए परिवार की सुरक्षा की मांग की है ।

## आजाद पार्टी ने मनाया संविधान दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सविधान दिवस पर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी छिंदवाड़ा जिला प्रभारी रवि कोचे और छिंदवाड़ा अध्यक्ष प्रदीप भाऊ जुलमे द्वारा सत्कार तिराहा पहुॅचकर संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं नव निर्वाचित कार्यकारणी का गठन कर नियुक्तियां की गई। इस अवसर पर हजारों की संख्या में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संविधान दिवस पर प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। संविधान को अपनाने के दिन को हर वर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज संविधान को अपनाने की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्टर कार्यालय प्रांगण में कलेक्ट्रेट परिसर के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया।

इस अवसर पर उन्होंने संविधान निर्माण के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा भीमराव अंबेडकर के साथ ही संविधान निर्माण में सहयोग देने वाले सभी महान व्यक्तियों का स्मरण किया और उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

सभी को संविधान दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान 2 वर्ष 11 माह 18 दिन की कड़ी मेहनत के बाद बनकर तैयार हुआ। आज हम संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने जिले के सभी नागरिकों और अधिकारी-कर्मचारियों से अपेक्षा करते हुए कहा कि भारतीय होने के नाते सभी हमारे जो मौलिक कर्तव्य हैं उनका पालन करें और अपने.अपने पदीय दायित्वों और जिम्मेदारियों का पूरी लगन से निर्वहन करें, जिससे हमारा देश बहुत मजबूत व सशक्त बने और तेजी से तरक्की करे।

उन्होंने सभी से संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए वीडियों केंद्र सरकार कीवेबसाइट constitution75.com. पर अपलोड कर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान अभियान में सहभागिता करने और इसी वेबसाइट से सहभागिता प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सोशल मीडिया में साझा करने की भी अपील की।

सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार ने बताया कि हमारा भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित और सर्वश्रेष्ठ संविधान है। भारतीय संविधान बनने के साथ ही देश की महिलाओं को मताधिकार दिया गया, जबकि अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी यह अधिकार उनके संविधान बनने के कई सालों बाद दिया गया था। उन्होंने सभी को संविधान दिवस की बधाई दी और अपने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ ही अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील की।

संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ कलेक्टर के साथ सभी अधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संविधान के निर्माण से संबंधित केंद्र सरकार और मध्यप्रदेश माध्यम द्वारा तैयार की गई वीडियो फिल्म भी देखी। जिले के सभी स्कूल और कॉलेजों में भी यह फिल्म दिखाई गई।

# सभी को करना चाहिए संविधान का पालन : सुशीला

**करेली, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद करेली द्वारा स्थानीय दीनदयाल सभागार में 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस मनाया गया भारत सरकार द्वारा संविधान को अपनाने की 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्व की दृष्टिगत हमारा "संविधान हमारा स्वाभिमान" के तहत कार्यक्रम आयोजित किया ।

कार्यक्रम की शुरुआत में सरस्वती पूजन व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की फोटो पर तिलक माल्यार्पण करके की गई। उसके बाद सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ के द्वारा किया गया।

उसके बाद सुशीला ममार ने संविधान दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश समाज की सबसे छोटी इकाई हमारा परिवार होता है हमारे घर को चलाने के लिए भी हम संविधान की तरह कुछ नियम लागू करना पड़ते है देश में हर 25 किलोमीटर के बाद भाषा बोली रहन-सहन बदल जाता है महान पंडितों के द्वारा 3 वर्षों की कड़ी मेहनत के द्वारा संविधान बनाया गया ।

जब देश पर संकट आता है तो देश के संविधान की शरण में जाना पड़ता है इसलिए संविधान का देश में जीवन में महत्व है इसका पालन सभी करना चाहिए उक्त विचार प्रकट किए गए है। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात स्व. सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

## उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, 8 संचारण/संधारण के शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये । इन शिविरों में 102 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 118 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत उपभोक्ता अपनी शिकायतों का निरकारण मंगलवार को जनसुनवायी उपस्थित होकर करवा सकते है।

### सार समाचार

## बिछुआ पुलिस एवं सोशल मीडिया की मदद से घर पहुंचा लापता चार वर्षीय सौरभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 4 साल के मासूम को आज बिछुआ पुलिस ने एक बार फिर अपने माता-पिता से मिला दिया। दरअसल 4 वर्षीय मासूम अपने परिवार के बीच से अचानक लापता हो गया था। लेकिन बिछुआ पुलिस की मानवीयता और तत्परता के चलते परिवार से बिछड़ा मासूम अपने माता पिता से मिल गया।

जानकारी में बिछुआ थाना प्रभारी महेंद्र भगत ने बताया कि आज सुबह दूरभाष के जरिए जानकारी प्राप्त हुई कि एक 4 साल का बच्चा लावारिस करेल मार्ग में घूम रहा है। सूचना मिलने पर बिछुआ पुलिस के द्वारा उक्त बालक को सुरक्षा हेतु थाना ले आया गया और बच्चे से परिवार के बारे में जानकारी लीं गई। बच्चे ने अपना नाम सौरभ पिता संजय तथा माता का नाम बबीता बताया। बच्चे के बताए अनुसार करेल गांव के आसपास बच्चे के फोटोग्राफ सोशल मीडिया के माध्यम एवं जनप्रतिनिधि के सहयोग से प्रसारित किए गए। तभी पता चला कि उक्त बालक बोरिया का रहने वाला है, जो अपनी माता के साथ ग्राम करेल आया था और करेल से गुम हो गया था। माता-पिता को तलब किया गया जो बालक सौरभ के पिता थाना उपस्थित हुए और सकुशल बच्चे को स्टाफ के समक्ष बालक के पिता को सुपुर्द किया गया। इस मानवीय कार्य में थाना प्रभारी बिछुआ उप निरीक्षक महेन्द्र भगत, एस.आई. अजय सलाम, राकेश एवम मीडिया साथी एवं जनप्रतिनिधि की मुख्य भूमिका रही।

## संविधान दिवस पर जय भीम सेना ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जय भीम सेना सामाजिक संगठन के संयुक्त तत्वाधान में ओ.बी.सी. महासभा, जी.एस.यू. संगठन, गोंडवाना महासभा के साथ आम्बेडकर तिराहा से परासिया रोड पर संविधान दिवस रैली का आयोजन किया गया। डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली का शुभारंभ किया गया। 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान डॉ. भीमराव आम्बेडकर द्वारा निर्माण किया गया जिसे देश के लोगों ने अंगीकृत किया। डॉ. आम्बेडकर ने देश को ऐसा संविधान प्रदान किया जो आज भी अन्य देशों से सर्वापरि है। इस तरह इतिहास में पहली बार जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा में बंटा भारत को एक सम्प्रभुत्व संपन्न, धर्म निरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक राष्ट्र बना। देश का सर्वोच्च कानून भारत की आत्मा है। देश का हर नागरिक सबसे महत्वपूर्ण भारत के संविधान को जान सकें, अपने हक व अधिकार लिये संघर्ष कर सके।

रैली आम्बेडकर तिराहे से बस स्टैण्ड, इंदिरा तिराहा, फव्वारा चौक होते हुये जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मांग की गयी छिन्दवाड़ा शहर में किसी भी एक चौक का नाम संविधान चौक के नाम पर किया जाये। प्रदेश के पाठयक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल में आम्बेडकर एवं संविधान को शामिल किया जाये। प्रत्येक राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर जिला स्तर में संविधन पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया जाये। जिले के शासकीय पुस्तकालय एवं शासकीय महाविद्यालय में अध्ययन हेतु संविधान की किताब रखना अनिवार्य की जाये का ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर को सौपा।



## उप संचालक कृषि कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। संविधान को अपनाने के दिन को हर वर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज संविधान को अपनाने की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। उप संचालक कृषि कार्यालय में जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया और उपस्थित कर्मचारी, अधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संविधान के अनुसार सभी कर्मचारी, अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के निर्वाहन के लिए विभाग प्रमुख उप संचालक कृषि कल्याण जितेन्द्र कुमार सिंह ने अवगत कराया। इस अवसर पर सहायक संचालक धीरज सिंह ठाकुर, सरिता सिंह सहित सभी शाखा के कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित हुए तदुपरांत शपथ की प्रतियां भी सबको उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर उप संचालक कृषि कार्यालय के आधीन आत्मा परियोजना के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।




# नवागत पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों से कहा, आमजन के लिए 24 घंटे रहूंगा उपलब्ध




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो और आमजन को किसी प्रकार की समस्या न हो ये मेरी प्राथमिकता है। आमजन के लिए मैं 24 घंटे उपलब्ध रहूंगा। उक्त उद्गार पत्रकारों के साथ परिचयात्मक बैठक में एसपी अजय पांडे ने व्यक्त किए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मैंने तय किया है कि पहले हाफ में पुलिस कंट्रोल रूम में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनुंगा, उसके बाद सेकेंड हाफ में एस.पी. कार्यालय में बैठूंगा, ताकि विभागीय कार्य पूरे हो सकेंगे। जनता के मन में पुलिस की छवि बेहतर बने, इसके लिए लगातार प्रयास करूंगा और इसे लेकर थाना प्रभारियों से भी चर्चा करूंगा, ताकि पुलिस की कार्यशैली को लेकर लोगों में सकारात्मक छवि बने। पुलिसिंग और कैसे बेहतर बने इसके लिए लोगों के सुझाव हमेशा आमंत्रित रहेंगे। अभी मैं जिले के लोगोंए मीडियाकर्मियों से चर्चा कर रहा हूं जिसके आधार पर ही आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

आपने बताया कि मैं 2016 बैच का आई पी एस अधिकारी हूं मेरी सेवाऐं भोपाल में अधिकतर समय रही है सी.एस.पी., एडिशनल एस.पी., मुख्यमंत्री सुरक्षा अधिकारी के रूप में भी सेवाऐं दी है। अब आप सबके बीच छिन्दवाड़ा में पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ हुआ हूं। इस अवसर पर पत्रकारो ने भी यातायात व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, ग्रामीण क्षेत्रों में नशाखोरी तथा कोयलाचंल क्षेत्र में बढ़ते अपराधों के संबंध में अवगत कराया जहां पुलिस अधीक्षक ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# कलेक्टर ने सभागार में 143 आवेदन पत्रों पर सुनवाई कर त्वरित कार्रवाई भी की



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के द्वारा की जाने वाली जनसुनवाई में अनेक प्रकरण सामने आते है। लेकिन आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों में नाम जुड़वाने के लिए जनसुनवाई में जब कोई पहुंचता है तो स्थिति भी हास्यास्पद होती है जबकि नाम सीधे जुड़ाया जा सकता है लेकिन नाम क्यों नहीं जुड़ता यह विचारनीय प्रश्न है

बता दें कि राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 143 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आर्थिक सहायता दिलाने, अनुकंपा नियुक्ति दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम कामठी निवासी धनपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बाम्हनवाड़ा की रोहणी वर्मा ने बारिश के दौरान मकान क्षतिग्रस्त होने पर पी एम आवास योजना में नाम जोड़ने, तामिया निवासी सुमन बगोटिया ने परिवार के पालन.पोषण के लिये आर्थिक सहायता स्वरूप कोई रोजगार दिलाने, ग्राम नांदेपुर के रितेश परतेती ने बच्चे की टी.सी. दिलाने, ग्राम नीलकंठीकला के गोविन्द ने पुत्री का नाम आधार कार्ड में संशोधन कराने, ग्राम बीझावाड़ा के प्रवीण साहू ने जमीन का नामांकन कराने, ग्राम खैरीमाली के श्रीकांत साहू ने उचित मूल्य दुकान से राशन दिलाने, चांदामेटा निवासी राजेश भलावी ने मुख्यमंत्री / प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि दिलाने, ग्राम कुमड़ी के ग्रामवासियों ने ग्राम में बिजली की समस्या दूर कर नया पावर हाउस बनाने, ग्राम छिंदा निवासी बराती इवाती ने वन अधिकार पट्टा बनाने, ग्राम जुमुनिया के विजय कवरेती ने किसान सम्मान निधि एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, छिंदवाड़ा नगर के रामबाग नरसिंहपुर नाका निवासी शरद वर्मा ने बच्चे का शिक्षण शुल्क माफ कराने, ग्राम मेड़की के उमेश कुमार ने जिला अस्पताल में थैरेपी एवं इलाज संबंधी सहायता दिलाने, ग्राम पांजरा के महेन्द्र बघेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, वार्ड नंबर 23 संत रविदास वार्ड निवासी लेखराम चौरे ने चार माह की पेंशन दिलाने, कुकड़ा जगत वार्ड नंबर- 4 की माया घोरपड़े ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, ए.डी.एम. के.सी. बोपचे, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर, एस.डी.एम. सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार मेहरा व राहुल कुमार पटेल, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंहसहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वी सी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये।

## शालेय राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन छात्राओं का चयन, सभी ने दीं शुभकामनाएं

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** इन दिनों चल रही स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा खेल प्रतियोगिताओं में 19 वर्ष बालिका वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन विभाग के द्वारा दतिया में किया जा रहा है। जिसमें जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व सुरलाखापा के तीन छात्र संध्या धुर्वे, नेहा धुर्वे एवं सरस्वती कहार एवं बटकाखापा की एक छात्रा कु. रागिनी धुर्वे का चयन शिक्षा राज्य स्तर हेतु किया गया।

जनजातिय कार्य विभाग के क्रिकेट कोच ललित गुप्ता ने बताया कि विभाग प्रमुख सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम के संरक्षण एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुरोध शर्मा के मार्गदर्शन में जनजातीय कार्य विभाग की खेल गतिविधियां संचालित है।

विदित हो की कटनी में आयोजित शालेय राज्य स्तरीय 17 वर्ष बालिका में भी सुरलाखापा की तीन छात्राएं कु. विधि श्रीवास्तव, सुभी कहार एवं चंचल भलावी ने विभाग का प्रतिनिधित्व किया। जनजातिया कार्य विभाग की सफ्लता में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी. कलंबे, प्राचार्य सुरेश पाठक, संस्था प्राचार्य अमित जैन समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासी के साथ वरिष्ट व्यायाम शिक्षक अनुराग शर्मा, जितेंद्र मिश्रा, संजीव गौतम, धनंजय चौरसिया आदि ने शुभकामनाएं दी।

